ओटी और तारा

लौरा जीन एलन

ओटी और तारा

लौरा जीन एलन

ओटी और उसकी माँ समुद्र के किनारे रहते थे.

एक रात ओटी ने पूछा. "वो क्या हैं, माँ?"

"तारे," उसकी माँ ने कहा.

"मुझे एक तारा चाहिए," ओटी ने कहा.

"वे बहुत दूर हैं," उसकी माँ ने कहा.

ओटी ने पानी में कुछ तारों को देखा.

"वे बहुत दूर नहीं हैं," उसने खुद से कहा.

"मैं एक खोजूंगा."

ओटी तैरकर नीचे गया,

नीचे,

नीचे,

एक तारे की तलाश में.

उसे एक चट्टान के पीछे कोई
चमकीली और नुकीली चीज़ देखी.

"एक तारा!" ओटी चिल्लाया.

और वो उसे लेने के लिए तैरकर गया.

लेकिन वो एक शार्क थी!

और वो ओटी को पकड़ना चाहती थी.

ओटी तेजी से तैरा.

वो मुड़ा.

लेकिन शार्क उसके करीब आ रही थी.

ठीक उसी समय ओटी
को एक गुफा दिखी और
वो उसमें घुस गया.

ओटी ने काफी देर तक इंतजार किया.

फिर उसने बाहर देखा.

"हेलो," एक डॉल्फिन ने कहा.

"एक शार्क मुझे लगभग पकड़ लिया था!?"
ओटी रोई.

"तुम मेरी पीठ पर बैठो," डॉल्फ़िन ने कहा.

"तुम मेरे साथ सुरक्षित रहोगे!"

ओटी और डॉल्फिन
इधर-उधर तैरते रहे.

वे ऊपर-नीचे, ऊपर-नीचे
तैरते रहे.

ओटी ने एक तारा देखा.

"मुझे अब उतरना होगा!" उसने कहा.

धन्यवाद, डॉल्फिन."

डॉल्फ़िन ने कहा, "तुम्हारा स्वागत है."

ओटी तैर कर नीचे आ गया

और उसने तारा पकड़ लिया.

तारा चिल्लाया, "मुझे जाने दो!"

लेकिन ओटी ने तारे को थामे रखा

और वो तैरकर ऊपर आ गया.

ऊपर,

पानी के ऊपर तक.

"देखो. माँ! मैंने एक तारा पकड़ लिया है!"

"वो कोई तारा नहीं है, ओटी," उसकी माँ ने कहा.

"यह एक स्टारफ़िश है."

"लेकिन वो एक तारे की तरह दिखती है, माँ."

"हाँ, वो तारे जैसा लगता है," उसकी माँ ने कहा.

"लेकिन तारे तो आकाश में होते हैं.

स्टारफ़िश नीचे पानी में रहती है."

"देखो, मैं घर जाना चाहता हूँ!"
स्टारफ़िश ने कहा.

"मुझे खेद है स्टारफ़िश कि मैंने तुम्हें
डरा दिया," ओटी ने कहा.

"मैं तुम्हें घर ले जाऊंगा."

"मुझे तुम्हारी मदद की ज़रूरत
नहीं है!" स्टारफ़िश ने कहा.
"मैं तैर सकती हूं."

"अलविदा, स्टारफ़िश," ओटी ने कहा.

"अलविदा, ओटी," स्टारफ़िश ने कहा.

ओटी और उसकी माँ ने स्टारफिश को पानी में कूदते देखा.

"किसी दिन," ओटी ने कहा,

"मैं स्टारफ़िश से मिलने जाऊंगा."

फिर उसने अपनी मां को

शार्क और डॉल्फिन

सारी बात बताई.

अंत